**उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों को चौड़ा किया जाना**

714. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों को चौड़ा करने संबंधी कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है और यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ; और

(ख) इस संबंध में सरकार ने क्या-क्या कदम उठाए हैं ?

**जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर)** : (क) जी हां। उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों को चौड़ा करने के लिए सरकार के पास विचाराधीन प्रस्तावों का ब्यौरा इस प्रकार है :-

(i) रा०रा० 2 को 148.33 कि० मी० से 199.66 कि०मी० (पहुंच मार्गों सहित) तक चौड़ा करके 4 लेन का बनाना।

(ii) रा० रा० 24 को 28 कि० मी० से 48.6 कि०मी० तक (पहुंच मार्गों सहित) चौड़ा करके 4 लेन का बनाना।

(ख) उपर्युक्त परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य अभी चल रहा है।

**उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास और मरम्मत**

715. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1991-92 और 1992-93 के दौरान केन्द्रीय सरकार को राष्ट्रीय राजमार्गों के संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार से कितने प्रस्ताव मिले हैं और ये किन-किन क्षेत्रों से संबंधित हैं ;

(ख) स्वीकृत किए गए प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है और उपर्युक्त प्रस्तावों के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई थी ;

(ग) राज्य सरकार को कितने प्रस्ताव संशोधनार्थ लौटाए गए ; ;

(घ) सरकार द्वारा प्राप्त संशोधित प्रस्तावों की संख्या कितनी है, और उनकी वर्तमान स्थिति क्या है ; और

(ङ) शेष प्रस्तावों की वर्तमान स्थिति क्या है जिनकी जांच चल रही है ?

**जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर)** : (क) 125. ये राज्य के उन सभी क्षेत्रों से संबंधित हैं जिनमें से राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरते हैं।

(ख) वर्ष 1991-92 और 1992-93 के दौरान अनुमोदित प्रस्तावों और स्वीकृत राशियों के ब्यौरे निम्न प्रकार है :-

| वर्ष | स्वीकृत प्रस्तावों की संख्या | स्वीकृत राशि (लाख रु.) |
|---|---|---|
| 1991-92 | 41 | 1196.55 |
| 1992-93 | 1 | 355.58 |

(ग) 75

(घ) 3

(ङ) शेष प्रस्ताव कार्रवाई के विभिन्न चरणों में है और तकनीकी ब्योरों के लिए राज्य सरकार से परामर्श भी किया जा रहा है।